## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–28.06.2025 (सुबह 08:30 बजे)

### मुख्य समाचार

1. राज्य में नक्सलियों के खिलाफ अभियान तेज, लोहरदगा में पुलिस के साथ भीषण मुठभेड़, सर्च अभियान में नक्सलियों के हथियार और कारतूस बरामद।
2. पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन की हालत स्थिर, राज्य के कई मंत्री और कांग्रेस प्रभारी पार्टी का कार्यक्रम छोड़ दिल्ली पहुंचे।
3. कोलकाता से 180 यात्रियों को लेकर रांची पहुंचे विमान के पहिये में आयी खराबी, सुरक्षा लिहाज से उड़ान की गयी रद्द।
4. रांची, लातेहार और लोहरदगा समेत राज्य के 13 जिलों में आज तेज बारिश और वज्रपात की चेतावनी, कल सात जिलों में भारी बारिश का औरेंज अलर्ट जारी।
5. एनटीपीसी खेलो इंडिया नेशनल रैंकिंग वीमेन आर्चरी टूर्नामेंट में रांची की अंजनी कुमारी ने जीता स्वर्ण पदक, राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने हरिद्वार पहुंची झारखंड की टीम।

**********************

राज्य में नक्सलियों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया गया है। सुदूरवर्ती इलाकों में लगातार सर्च अभियान चलाया जा रहा है। इस कड़ी में लोहरदगा जिले के पेशरार थाना क्षेत्र के हरकट्टा जंगल में सुरक्षा बलों और नक्सली संगठन जेजेएमपी के उग्रवादियों की बीच भीषण मुठभेड़ हुई। हालांकि नक्सली अंधेरे और जंगल का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। इस दौरान बड़ी संख्या में हथियार और कारतूस समेत कई आपत्तिजनक चीजें बरामद की गयी हैं।

**********************

पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सदस्य शिबू सोरेन की हालत फिलहाल स्थिर है। पैरालैसिस अटैक के बाद नयी दिल्ली में उनका इलाज चल रहा है। वे आइसीयू में विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में हैं। राज्य सरकार के कई मंत्री दिल्ली में कैंप कर रहे हैं। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार, स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी, उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव और कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की दिल्ली में कैंप कर रहे हैं। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी के. राजू और प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश संताल परगना में कार्यक्रम छोड़ दिल्ली पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने परिवार के साथ पहले से ही दिल्ली में मौजूद हैं। मुख्यमंत्री ने भगवान से प्रार्थना की है कि शिबू सोरेन जल्द से जल्द स्वस्थ होकर हम सभी के बीच आयें।

इस बीच राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने कहा है कि शिबू सोरेन का स्वास्थ्य स्थिर है और घबराने की कोई बात नहीं है।

**********************

राज्य में पेसा कानून लागू करने के लिए विपक्ष लगातार सरकार पर दवाब बना रहा है। पिछले दिनों भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने इस मसले पर राज्यपाल से भी मुलाकात की थी और सरकार पर पेसा कानून के प्रति गंभीर नहीं होने का आरोप लगाया था। इस पर राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा है कि इस तरह के संवदेनशील मुद्दों पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। सरकार पेसा कानून लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**********************

वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से साहिबगंज जिले के तालझरी प्रखंड अंतर्गत बड़ा दुर्गापुर पंचायत में 76वां वन महोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि राजमहल सांसद विजय हांसदा शामिल हुए। इस मौके पर सांसद विजय हांसदा ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए सभी लोगों से कम से कम एक–एक पेड़ लगाने की अपील की।

**********************

कोलकाता से 180 यात्रियों को लेकर रांची पहुंचे इंडिगो के विमान के पहिये में खराबी के बाद उसके पटना की उड़ान रद्द कर दी गयी। साथ ही विमान को ग्राउंडेड घोषित कर दिया गया। यह विमान कल दोपहर तीन बजकर पांच मिनट पर रांची के बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर पहुंचा था। विमान को रांची से पटना होते हुए लखनऊ जाना था। रांची एयरपोर्ट के निदेशक आर मौर्य ने बताया कि लैंडिंग के बाद रांची एयरपोर्ट पर जब विमान की रुटीन जांच की गयी तो उसके अगले पहिये में तय मानक से कम हवा पायी गयी।

**********************

जामताड़ा जिले के नारायणपुर प्रखंड कार्यालय परिसर में पुलिस पब्लिक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता के नेतृत्व में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम के दौरान सड़क सुरक्षा, बाल विवाह रोकथाम पर चर्चा की गयी। इस दौरान ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में भी पहल की गयी।

**********************

गढ़वा जिला प्रशासन आपदा प्रबंधन विभाग से मिलकर जिले में संभावित बाढ़ से निपटने की तैयारी में जुटा है।

**********************

रांची, लातेहार और लोहरदगा समेत राज्य के 13 जिलों में आज तेज बारिश और वज्रपात की चेतावनी के साथ मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने 30 जून को नौ जिले और एक जुलाई को पांच जिलों में भी अच्छी बारिश का पूर्वानुमान जताया है।

**********************

सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड, सीसीएल राज्य सरकार के सहयोग से खेल प्रतिभा को बढ़ावा देने की दिशा में काम कर रहा है। सीसीएल के वरीय अधिकारी और झारखंड स्टेट स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसाइटी, जेएसएसपीएस के सीईओ नवीन कुमार झा ने बताया कि सीसीएल खेल के क्षेत्र में प्रतिभावान बच्चों का चयन करता है और उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर का खेल प्रशिक्षण दिलाया जाता है। उन्होंने बताया कि फुटबॉल, बॉक्सिंग तैराकी और साइकलिंग समेत 11 अलग–अलग खेलों का प्रशिक्षण लड़के और लड़कियों को दिया जाता है।

**********************

दिल्ली में 25 से 27 जून तक फाइनल एनटीपीसी खेलो इंडिया नेशनल रैंकिंग वीमेन आर्चरी टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इसमें सेंटर ऑफ एक्सीलेंस रांची की प्रशिक्षु अंजनी कुमारी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीरा है। इधर, प्रथम राष्ट्रीय अंडर 18 कबड्डी प्रतियोगिता आज से हरिद्वार में शुरु हो रही है। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए झारखंड की 32 सदस्यीय बालक और बालिका टीम हरिद्वार पहुंच गयी है।

**********************

और अब अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने प्रभु जगन्नाथ की रथ यात्रा की खबर को प्रमुखता दी है।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है–रांची में जयघोष के बीच निकली रथयात्रा, उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब।

हिन्दुस्तान ने लिखा है–सिंघानिया का कबूलनामा, विनय चौबे को 50 करोड़ की घूस दी गयी।

प्रभात खबर लिखता है– बरही भोक्ता नाला उफान पर, रांची से टूटा संपर्क।

दैनिक जागरण के शब्द हैं–दिग्गज आदिवासी नेताओं की अनदेखी से झारखंड कांग्रेस में बढ़ सकती है गुटबाजी।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया ने दो महीने बाद भी नाइजर में अपहृत झारखंड के पांच मजदूरों का सुराग नहीं मिलने की खबर को पहले पन्ने पर स्थान दिया है जबकि हिन्दुस्तान टाइम्स ने नरेगा सर्वेक्षण में लातेहर जिले के ग्रामीण स्कूलों में घटिया शिक्षा दिये जाने के खुलासे के समाचार को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।।

<u>*******************</u>